हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

16 दुर्गा विसर्जन में उमड़ा जनसैलाब, आस्था...


16 रामलीला मंचन के बाल कलाकारों को किया गया


## नई व्यवस्था : डाक विभाग ने ऐतिहासिक और दशकों पुरानी सेवा को समाप्त की

# थम गया रजिस्ट्री पोस्ट का सफर, अब केवल स्पीड पोस्ट का विकल्प, 1 अक्टूबर से बढ़ीं दरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय डाक विभाग ने एक ऐतिहासिक और दशकों पुरानी सेवा को समाप्त करते हुए पारंपरिक रजिस्टर्ड पोस्ट (पंजीकृत डाक) सेवा को पूरी तरह से बंद कर दिया है। 171 साल से अधिक समय तक कानूनी नोटिस, सरकारी दस्तावेज़ और अन्य महत्वपूर्ण कागज़ात भेजने का एक विश्वसनीय माध्यम रही यह सेवा अब केवल यादों में सिमट गई है।

जिले के सभी डाकघरों में भी यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। अब ग्राहकों को अपने सभी पंजीकृत डाक और पार्सल भेजने के लिए एकमात्र



विकल्प स्पीड पोस्ट का इस्तेमाल करना होगा, जिसके शुल्क में भी वृद्धि की गई है, लेकिन साथ ही सेवा को अधिक सुरक्षित और आधुनिक बनाया गया है। डाक विभाग द्वारा लिया गया यह फैसला देश भर के साथ-साथ जिले के आम नागरिक, व्यापारी वर्ग और सरकारी विभागों को सीधे प्रभावित करेगा। रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा को अब स्पीड पोस्ट में समाहित कर दिया गया है। विभाग का मानना है कि डिजिटल युग की ज़रूरतों को देखते हुए डाक सेवाओं को अधिक तेज़, सुरक्षित और ट्रैक करने योग्य बनाना आवश्यक हो गया था। रजिस्टर्ड पोस्ट की कम दरें विभाग के लिए घाटे का कारण बन रही थीं, जबकि ग्राहकों को स्पीड पोस्ट की तुलना में यह धीमी गति से मिलती थी।

### बढ़ती दरों का बोझ, ग्राहकों पर असर

रजिस्टर्ड पोस्ट के बंद होने और उसे स्पीड पोस्ट में विलय किए जाने के कारण अब डाक भेजने की लागत बढ़ गई है। डाक विभाग ने 1 अक्टूबर से स्पीड पोस्ट की संशोधित दरें लागू कर दी हैं, जिससे ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। स्पीड पोस्ट की नई दरें वजन और दूरी के अनुसार निर्धारित की गई हैं। 50 ग्राम तक के लिए, शुल्क सभी दूरियों के लिए 47 रुपए है। जैसे-जैसे वजन 51-500 ग्राम और दूरी 200 किमी से अधिक बढ़ती है, शुल्क भी बढ़ता जाता है। अधिकतम वजन 251-500 ग्राम और सबसे लंबी दूरी 2000 किमी से अधिक के लिए अधिकतम शुल्क 93 रुपए है।

### सुरक्षा और सुविधा में सुधार

जहां एक ओर दरों में वृद्धि हुई है, वहीं डाक विभाग ने स्पीड पोस्ट सेवा को उन्नत बनाने के लिए कई नई सुविधाएँ भी जोड़ी हैं, जिनका लाभ अब जिले के ग्राहक उठा सकेंगे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है वन टाइम पासवर्ड आधारित डिलीवरी। अब महत्वपूर्ण दस्तावेज और पार्सल तभी प्राप्तकर्ता को सौंपे जाएंगे, जब वह अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी डाकिया को बताएगा। इससे सामान गलत हाथों में जाने की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाएगी और विश्वसनीयता बढ़ेगी। रियल-टाइम ट्रैकिंग, एसएमएस अलर्ट और ऑनलाइन बुकिंग जैसी सुविधाएँ भी स्पीड पोस्ट को एक आधुनिक कूरियर सेवा के समकक्ष खड़ा करती हैं।

**महासमुंद।** सरायपाली के गली में बटनदार चाकू लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 2 अक्टूबर को प्रहलाद मेडिकल गली सरायपाली के पास बिट्टू खान ऊर्फ मोहम्मद हुसैन पिता शेख रहीम ऊर्फ शेख हुसैन 21 वर्ष निवासी ताजनगर झिलमिला एक स्टील का धारदार बटनदार लेकर घूम रहा था। वह पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी बिट्टू खान ऊर्फ मोहम्मद हुसैन के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## मरीज और उसके साथियों ने डॉक्टर से की मारपीट, सामानों से की तोड़फोड़

**महासमुंद।** सरायपाली के जयस्तंभ चौक स्थित आयुष्मान दंत चिकित्सालय में डॉक्टर से मारपीट कर सामानों को तोड़फोड़ करने के मामले में थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 2 अक्टूबर को शाम करीब 6:25 बजे डॉक्टर दिनेश अग्रवाल के क्लिनिक में भोथलडीह निवासी मरीज टंकधर प्रधान, तनय साहू एवं अन्य साथी के साथ आया। टंकधर प्रधान के मुंह, नाक और चेहरे में चोट लगी थी, उसका तीन दांत भी टुटा हुआ था। दिनेश उपचार कर रहा था उस दौरान मरीज ने उल्टी कर दी। दिनेश ने उस समय मरीज की दशा की गंभीरता को देखते हुए उसे शासकीय अस्पताल सरायपाली में आपातकालीन में जाकर अपना उपचार कराने का सुझाव दिया। जिसके बाद मरीज और उनके अन्य साथीयों ने दिनेश को गाली गलौज कर मारपीट की और दिनेश के चेहरे पर पहने हुए चश्मे को चेहरे पर ही तोड दिया। आरोप है कि आरोपियों ने क्लिनिक में कई निजी उपकरणों जैसे एक्स-रे मशीन व कंप्यूटर, डेंटल चेयर और डॉक्टर चेम्बर को क्षति पहुँचाया। साथ ही पंखे व पानी की मशीन व आसपास के कांच को भी तोड़े। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 324(4) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## एफआईआर दर्ज पर शिक्षक की गिरफ्तारी नही, सतनामी समाज 10 को घेरेगा अजाक थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षिका के साथ स्कूल में हुए अभद्र व्यवहार की शिकायत के बाद पुलिस ने जातिसूचक मामला तो दर्ज किया। लेकिन, समाजजनों का आरोप है कि पुलिस गिरफ्तारी को टाल रही है और अघोषित तौर पर पुलिस शिक्षक को संरक्षण प्रदान कर रही है। ताकि, हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल जाए। बताया गया कि आरोपी शिक्षक की अग्रिम जमानत याचिका स्थानीय अदालत से खारिज हो चुकी है।

समाजजनों ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि घटना के 13 दिन बाद आरोपी शिक्षक द्वारिका प्रसाद चंद्राकर के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया और तकरीबन 20 दिन बीत जाने के बावजूद गिरफ्तारी नही की जा सकी। जबकि, कई ऐसे मामले हैं जिनमें छोटी धाराओं के बावजूद पुलिस आरोपी की तलाश में अन्य राज्यों तक जा पहुंची है। समाजजनों ने सवाल उठाया कि फिर आखिर ऐसी क्या वजह है जिसके चलते पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है? सतनामी समाजजनों ने कहा कि 10 अक्टूबर तक पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नही करती तो 12 बजे अजाक थाना का घेराव किया जाएगा। उन्होनें बताया कि तकरीबन 1000 से अधिक समाजजनों की मौजूदगी में थाना का शांतिपूर्ण घेराव होगा, और आरोपी की गिरफ्तारी तक समाजजन डटे रहेंगे। आरोपी शिक्षक के गिरफ्तारी और निलंबन की मांग को लेकर आहूत प्रेसवार्ता के दौरान समाज प्रमुख विजय बंजारे के साथ पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, महेन्द्र कोसरिया, हीरालाल जोगी, अश्वनी टोंडरे सहित काफी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### यह है पूरा मामला


आरोप है कि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नरतोरा के प्रभारी प्राचार्य द्वारिका प्रसाद चन्द्राकर द्वारा मिडिल स्कूल नरतोरा में पदस्थ शिक्षिका पंचकुमारी योगी को जान-बूझकर सबके सामने अपमानित करने की नियत से 30 अगस्त 2025 21 बिन्दु में जवाब-तलब कर सबके सामने अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानित किया गया। साथ ही जातिगत संबोधन के साथ योग्यता पर भी सवाल उठाए। समाजजनों ने बताया कि मिडिल स्कूल हाईस्कूल में मर्ज होने के बाद स्कूल की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्य की है, फिर भी पंचकुमारी योगी को ही जिम्मेदार मानकर हुए जवाब तलब पर सवाल उठाए गए। शिक्षिका पहले भी उक्त शिक्षक के अभद्रता पूर्ण व्यवहार को नजरअंदाज करती रही। लेकिन, जब घटना दिनांक को सबके सामने हुई तब शिक्षिका पंचकुमारी योगी ने एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कराने आवेदन दिया।

### पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाने की कोशिश

समाजजनों का आरोप है कि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला द्वारा आरोपी शिक्षक के पक्ष में बार बार पीड़ित शिक्षिका पर केस वापस लेने दवाब बनाए जाने की कोशिश की जा रही है। वहीं शुक्ला द्वारा जांच दिवस में समाज के चुनी हुई जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन को भी रोकने व अपमानित करने का प्रयास अध्यक्ष शुक्ला द्वारा किया गया। समाजजनों ने अध्यक्ष की भूमिका को पक्षपातपूर्ण बताया और स्कूल में की जा रही राजनीति को अनुचित ठहराया।

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फार्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

APPROVED
BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in
7 Wonder City
ग्रेटर रायपुर का रियल गोल्ड
प्रोजेक्ट जो हर मायने में है सबसे खास
प्रीमियम आवासीय प्लॉट,
लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप
रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित,
महादेव घाट के पास




7 वंडर सिटी | संपर्क: 7389900999
महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर
Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 |
Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.)
Image For Representation Purpose Only

मार्केटिंग एजेंट चाहिए
रियल एस्टेट के क्षेत्र में मार्केटिंग एजेंट बनकर
सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं



महासमुंद - बागबाहरा, आरंग, फिंगेश्वर, राजिम, गरियाबंद में मार्केटिंग एजेंट की आवश्यकता है।
मारुति इंफ्रा सिटी प्रा. लि. एक प्रतिष्ठित बिल्डर एवं डेवलपर फर्म है, जिसने 10 वर्षों में कई सफल प्रोजेक्ट्स दिये हैं। अपने बिजनेस के विस्तार के लिए हम प्रदान कर रहे हैं एक सुनहरा अवसर जिसमें आप हमारे मार्केटिंग एजेंट बन सुनिश्चित करें अपना एक सुनहरा भविष्य।
एलआईसी एजेंट, म्यूच्युअल फण्ड एजेंट, रियल एस्टेट ब्रोकर, आर्थिक रूप से मजबूत, प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनका खुद का व्यवसाय हो संपर्क करें:
मारुति इंफ्रा सिटी प्रा. लि.
Mob. 7974656799
02, सेकंड फ्लोर, कृष्णा कॉम्पलेक्स, मेन रोड, शंकर नगर, रायपुर
Email: 7wondercitymarketing@gmail.com
7 Wonder City

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस बोली- एग्री स्टेक पोर्टल बंद, लाखों किसान पंजीयन से वंचित



रायपुर । प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, धान खरीदी के लिए अनिवार्य किए गए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन बंद हो गया। अभी तक पूरे किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है, पिछले साल के मुकाबले लाखों किसान पंजीयन से वंचित हैं। एग्री स्टेक पोर्टल में आने वाली दिक्कतों, पोर्टल बंद रहने, डाटा की गड़बड़ियों, खसरा खतौनी में मिलान नहीं होने से बहुत से किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है।

### अजय जामवाल ने खरीदे खादी के कपड़े



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आव्हान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित महाराष्ट्र खादी भंडार से खादी से बने कपड़ों की खरीदारी की। श्री जामवाल ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान पर वोकल फार लोकल और खादी फार नेशन के माध्यम से स्वदेशी वस्त्रों एवं उत्पादों के समर्थन को बढ़ावा मिल रहा है। स्वदेशी के इस अभियान से हमारे कारीगर, हस्तशिल्प और एमएसएमई सेक्टर को और मजबूती मिल रही है। इस मौके पर श्री जामवाल ने अपील की कि त्योहारों के उपलक्ष्य में खादी पहनें एवं स्थानीय उत्पादों का इस्तेमाल करें। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, उज्ज्वल दीपक और उमेश घोरमोड़े उपस्थित थे।

### सरकारी कर्मियों ने मांगा दिवाली बोनस

रायपुर। शासकीय सेवकों के सबसे बड़े संगठन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सरकार से दिवाली बोनस देने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में रजत जयंती वर्ष 2025 हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। राज्य गठन के 25 वर्षों की इस ऐतिहासिक यात्रा में छत्तीसगढ़ ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं।

### उद्योग मंत्री देवांगन जर्मनी और स्विट्जरलैंड के प्रवास पर रवाना

रायपुर। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन आगामी 10 दिनों तक जर्मनी और स्विट्जरलैंड के प्रवास पर रहेंगे। जर्मनी में होने जा रहे एनयूगा 2025 में शामिल होंगे। यह खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग, तथा उससे संबंधित पैकेजिंग, कैटरिंग, रिटेल, तकनीक और ऑर्गेनिक फूड प्रोसेसिंग से जुड़ा विश्व का सबसे बड़ा आयोजन है। इस में 118 देशों के लगभग 7,900 प्रतिभागी भाग लेंगे तथा 200 से अधिक देशों के लगभग 1.5 लाख आगंतुक अवलोकन के लिए उपस्थित होंगे।

### संस्था अवाम-ए-हिंद का नशामुक्ति अभियान

रायपुर। सर्वधर्म जनकल्याणकारी संस्था अवाम-ए-हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी ने प्रदेश में बढ़ते मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ नशामुक्ति अभियान चलाया। साथ ही व्यस्ततम मार्ग, अस्पताल परिसर के आसपास साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा रामनगर में विजयादशमी पर्व पर दुर्गा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को शीतल पेय व शर्बत आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्थापक मो. सज्जाद खान, राजेंद्र पंडित, अनिल शुक्ल, जुबैर खान, पूनम यादव, वसीम अकरम, शुभम जैन, अरहम खान, शेख यासीन, रिंकी शुक्ला, मुख्तार खान, फराज खान, मन्ताशा, कमलजीत कौर, मोहिब सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# शहर में वोट चोर गद्दी छोड़ पदयात्रा व हस्ताक्षर अभियान का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ पदयात्रा व हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम ग्राम बम्हनी स्थित बम्हनेश्वरनाथ महादेव मंदिर से पूजा अर्चना करते हुए वहां उपस्थित सभी वरिष्ठजनों का शॉल व श्रीफल से सम्मान कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा का गांधी चौक महासमुंद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद समापन किया गया।



ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य आम जनता को वोट चोरी से अवगत कराते हुए उनकी सहमति से उनसे हस्ताक्षर करवा कर इस पदयात्रा का समर्थन करते हुए वोट चोरी से पद में बैठे सरकार को गद्दी छोड़ने का अभियान चलाना, जो आगे भी कांग्रेस पार्टी द्वारा निरंतर जारी रहेगा। इस पदयात्रा के समर्थन में सैकड़ों ग्रामीणजन मंदिर प्रांगण में उपस्थित होकर पदयात्रा में शामिल हुए तथा जिस गांव से भी यात्रा गुजरी ग्रामीणजनों ने पदयात्रियों का स्वागत किया गया। यात्रा के शुभारंभ पर जिलाध्यक्ष डॉक्टर रश्मि चंद्राकर द्वारा लोकतंत्र के लिए वोट चोरी को बहुत घातक बताते हुए इससे सावधान रहने की अपील की गई। पूर्व प्रभारी महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अमरजीत चावला द्वारा वोट चोरी के साथ-साथ प्रदेश में हो रहे खाद की कालाबाजारी बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने पर हो रहे आर्थिक नुकसान से भी ग्रामीणों को अवगत कराते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा किए जा रहे पदयात्रा से जनता को जागरूक करने का आह्वान किया गया। सभा को पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, संजय शर्मा पूर्व महामंत्री, अमर चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य द्वारा भी संबोधन किया गया। आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने किया। पदयात्रा में वरिष्ठ कांग्रेसजन अरुण चंद्राकर, मनोजकांत साहू, हीरा बंजारे, हुलास गिरी गोस्वामी, मानिक साहू, प्रदीप चंद्राकर, जितेंद्र बनर्जी, राजू यादव, लीलू साहू, मोती साहू, सचिन गायकवाड, जीवन यादव, भानु साहू, दादूराम नायक, संतोष दीवार, चेतन साहू, जय दास, अनु आदि उपस्थित रहे।

# ईमानदारी की मिसाल डॉ. हेमंत ने सड़क पर मिला सामान पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली (ग्रामीण)

एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश करते हुए सहायक अध्यापक डॉ. हेमंत खटकर ने अपने आवश्यक काम के लिए विश्वविद्यालय से बाहर जा रहे थे तो देखा कि चार कार्टून सामान सड़क पर लावारिस पड़ा है। जिसमें ल्यूमिनस सोलर एनएक्सटी 130 एमआरपी 7400 रुपए लिखा है, इसका मूल्य 26900 होगा। आसपास पता करने पर सामान के मालिक का कुछ पता नहीं चला तो नेट में सर्च कर थाना आमानाका को फोन किया। तत्पश्चात थाना आमानाका द्वारा 112 गाड़ी में तैनात जवान का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया, 112 वाहन में आए पुलिस के जवान अनिल चंद्राकर को डॉ. हेमंत खटकर ने अपनी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सामान को सुपुर्द किया। पुलिस ने सामान को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के लिए थाने में जमा कर दिया।

112 प्रभारी अनिल चंद्राकर ने डॉ. खटकर की सतर्कता और ईमानदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूक नागरिक ही समाज को सुरक्षित और बेहतर बनाते हैं। डॉ. खटकर ने जो कार्य किया है वह सभी के लिए प्रेरणादायक है। डॉ.खटकर का यह कदम दर्शाता है कि समाज में आज भी सजग, जिम्मेदार और ईमानदार नागरिक मौजूद है, जो दूसरों को भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।




## शुल्क ज्यादा होने के कारण कनेक्शन स्थाई करने में छूट रहा पसीना

# अवैध कालोनियों की बिजली के अस्थाई कनेक्शन स्थाई होना दूर की कौड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर में भारी संख्या में अवैध कालोनियां हैं। इन कालोनियों में रहने वालों को छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी से अस्थाई बिजली कनेक्शन तो मिल गए हैं, लेकिन इन कनेक्शनों को स्थाई कनेक्शन में बदलवाने में उपभोक्ताओं का पसीना छूट रहा है। इनके लिए स्थाई कनेक्शन दूर की कौड़ी है, क्योंकि इसके कड़े नियम और ज्यादा शुल्क के कारण इन कनेक्शनों को बरसों से स्थाई कनेक्शन में नहीं बदला जा सका है। कई स्थानों पर बांस और बलियों के सहारे कनेक्शन चल रहे हैं, जिसके कारण खतरा मंडराता रहता है, लेकिन इसके लिए पॉवर कंपनी भी कुछ नहीं कर पाती है, क्योंकि बिजली नियामक आयोग के नियम अवैध कालोनियों के लिए अलग हैं। रायपुर में एक जानकारी के मुताबिक 300 से ज्यादा अवैध कालोनियां हैं। इनके खिलाफ प्रदेश सरकार एक्शन भी ले रही है। कई कालोनियों के खिलाफ एफआईआर भी हो चुकी है। आने वाले समय में ज्यादातर कालोनियों के खिलाफ एफआईआर भी होगी। इन अवैध कालोनियों में घर लेने वालों को हमेशा से परेशानी होती है। बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य सुविधाओं के लिए इनको तरसना पड़ता है।



### कुल 82 सौ अस्थाई कनेक्शन

राजधानी रायपुर में इस समय अगस्त माह तक कुल 8257 अस्थाई कनेक्शन हैं। इसमें से 3412 अवैध कालोनियों के अस्थाई कनेक्शन हैं और बाकी सामान्य कनेक्शन हैं। इन सामान्य कनेक्शनों में घर बनवाने से लेकर किसी सार्वजनिक कार्यक्रम या फिर किसी अन्य कार्य के लिए लिए जाने वाले कनेक्शन शामिल हैं। जिन अस्थाई कनेक्शनों को घर बनवाने के लिए लिया जाता है, ऐसे कनेक्शन घर बनने पर साल या फिर दो साल में ये कनेक्शन आसानी से स्थाई कनेक्शन हो जाते हैं। लेकिन अवैध कालोनियों के अस्थाई कनेक्शन सारे नियम पूरे होने ही स्थाई हो पाते हैं। जहां नियम पूरे हो गए हैं वहां पर कनेक्शन स्थाई करने का काम भी चल रहा है।

### स्थाई कनेक्शन का नियम

स्थाई बिजली कनेक्शन का नियम अवैध कालोनियों के लिए बड़ा ही कड़ा है। यह नियम बिजली नियामक आयोग ने बनाया है। जहां वैध कालोनियों में सामान्य कनेक्शन लगाने में महज 22 सौ रुपए खर्च होते हैं, वहीं अवैध कालोनियों के लिए प्रति किलो वॉट पर पांच हजार देने पड़ते हैं। इनके अलावा अन्य शुल्क अलग से हैं। बात सिर्फ पांच हजार रुपए प्रति किलो वाट की नहीं है, इसके लिए और भी कड़े नियम हैं। एक अवैध कालोनी में जितने भी घर हैं, उनमें से जो लोग अपने कनेक्शन स्थाई करवाना चाहते हैं तो इसके लिए पॉवर कंपनी उस कालोनी के हिसाब से स्टीमेट बनाती है। अगर किसी कालोनी में 100 प्लाट है और वहां पर घर 20 ही बने है, लेकिन स्टीमेट पूरे 100 प्लाट के हिसाब से बनेगा। उदाहरण के लिए अगर स्टीमेट एक करोड़ का बनता है तो इसका 25 फीसदी प्रति किलो वाट पांच हजार रुपए के हिसाब से जमा होने पर ही पॉवर कंपनी काम प्रारंभ करती है। 75 प्रतिशत खर्च पॉवर कंपनी करती है, जब बाद में सभी प्लाट विकसित हो जाते हैं तो उनको भी पांच हजार रुपए प्रति किलो वाट के हिसाब से ही पैसे देने पड़ते हैं। इस समय जो अस्थाई कनेक्शन स्थाई नहीं हा पा रहे हैं, उसके पीछे का कारण यह है कि ज्यादातर कालोनियों के स्टीमेट के हिसाब से उपभोक्ताओं के प्रति किलो वाट के पैसे स्टीमेट के 25 फीसदी नहीं हो पा रहे हैं।

विलंब शुल्क के साथ नवंबर अंत तक दिया जाएगा समय

# 10वीं-12वीं के प्राइवेट स्टूडेंट 31 तक भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घोषित की तिथि, केवल ऑनलाइन ही होंगे आवेदन

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में प्राइवेट स्टूडेंट के रूप में शामिल होने की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। प्राइवेट स्टूडेंट सामान्य फीस के साथ 1 से 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। विलंब शुल्क के साथ छात्र 1 से 15 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं, जबकि विशेष विलंबर शुल्क के साथ 16 से 30 नवंबर तक का समय दिया जाएगा। माशिम द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, छात्र जिस विद्यालय के माध्यम से परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, उस संस्था से संपर्क कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। केवल माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त विद्यालय के जरिए ही प्राइवेट छात्र आवेदन कर सकेंगे। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी माशिम की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। किसी तरह की समस्या होने पर छात्र माशिम से संपर्क कर मार्गदर्शन ले सकेंगे।



### द्वितीय परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन-पुनर्गणना परिणाम जारी

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने द्वितीय परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना परिणाम भी शुक्रवार को घोषित कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 2025 की द्वितीय मुख्य (सप्लीमेंट्री) परीक्षाओं का परिणाम 20 अगस्त को घोषित किया जा चुका है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आयोजित की गई थी, जो 10वीं या 12वीं बोर्ड परीक्षा में असफल रहे थे या अपने अंकों से संतुष्ट नहीं थे। मार्च-अप्रैल में मुख्य परीक्षा होने के बाद जुलाई में द्वितीय परीक्षा हुई थी। अगस्त में परिणाम घोषित होने के बाद नतीजों से असंतुष्ट छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन किया था। जिनके नतीजे 3 अक्टूबर को माशिम ने अपने वेबसाइट में अपलोड कर दिए हैं।

# ट्रांसपोर्टनगर में छापा, जुआ खेलते आधा दर्जन गिरफ्तार

## खमतराई पुलिस ने छापा मारकर जब्त किए 4700 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग के पास खुली जगह पर तासपत्ती पर दांव लगाया जा रहा था, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारते हुए यहां से आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से दांव में लगे लगभग पांच हजार रुपए के साथ तासपत्ती जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपी ट्रांसपोर्ट नगर, भनपुरी एवं रावांभाठा क्षेत्र के रहने वाले हैं।



खमतराई थाना प्रभारी ने बताया कि विजयादशमी की रात करीब 12 बजे ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नंबर-5 के बाजू में बिजली खंबे की लाइट की रोशनी में तासपत्ती खेलते हुए लोग दांव लगा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही यहां छापा मारा और 6 लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान दांव में लगी राशि 4700 रुपए तथा तासपत्ती को भी जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 3(2) छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ये आरोपी पकड़े गए

मौके पर पकड़े गए आरोपियों में प्रकाश कुशवाहा 23 वर्ष निवासी ट्रांसपोर्ट नगर, मोहम्मद जावेद 30 वर्ष निवासी ट्रांसपोर्ट नगर, सोनू राय 23 वर्ष निवासी भनपुरी बाजार चौक, आशुतोष दुबे 20 वर्ष निवासी आजाद चौक रावांभाठा, जयनाथ सिंह 50 वर्ष निवासी जयअम्बे ट्रांसपोर्ट के पास रावांभाठा तथा शहबाज अली 31 वर्ष निवासी पिन्टू चौक भनपुरी शामिल हैं।

# एनसीआरबी की रिपोर्ट कांग्रेस की पिछली सरकार का नाकारापन : डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने छत्तीसगढ़ के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस नेताओं को नसीहत दी है कि इस रिपोर्ट को लेकर प्रदेश को गुमराह करने के बजाए उन्हें आत्ममंथन करने पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. मिश्रा ने कहा, अपनी तत्कालीन सरकार के नाकारापन को रेखांकित करती इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस नेता झूठ फैलाकर अपने अराजकतावादी एजेंडे को आगे बढ़ाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेसियों को भूलना नहीं चाहिए कि यह रिपोर्ट 2023 की है और तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट 2023 के आंकड़ों पर आधारित है, जो हाल ही में जारी की गई है। रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण और चिंताजनक बिंदु सामने आए हैं, जिनमें विभिन्न अपराधों और आकस्मिक घटनाओं में राज्य की स्थिति शामिल है। कांग्रेस को इसके लिए शर्म महसूस करनी चाहिए कि उसके शासनकाल में कानून-व्यवस्था की कैसी भयावह स्थिति बनी हुई थी। प्रदेश में जंगलराज चल रहा था।

तत्कालीन कांग्रेस सरकार के शासनकाल में जैसी परिस्थितियां बनी हुई थीं, उसमें अपराध की हर विधा ने छत्तीसगढ़ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बनाने का काम किया।

### उगाही पर रहा पूर्व सरकार का ध्यान

डॉ. मिश्रा ने कहा, तत्कालीन भूपेश सरकार का पूरा ध्यान तो केवल पैसों की उगाही पर ही केंद्रित रह गया था और इस काम में समूचा पुलिस प्रशासन झोंक दिया गया था। आज भी कई आईपीएस अधिकारी और पुलिस जवान इसके चलते कानूनी कार्रवाई के शिकंजे में हैं। अपने शासनकाल में कांग्रेस के सत्ताधीशों ने पुलिस को कानून-व्यवस्था के काम से हटाकर दीगर ऐसी करतूतों को अंजाम देने में लगा दिया था, जिसके कारण प्रदेश में हर तरह के अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ा। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट इस बात की तस्दीक कर रही है।

### रावणभाठा दशहरा उत्सव में शामिल हुए सीएम-सांसद



रायपुर। सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति रावणभाठा का इतिहास करीब 150 वर्ष पुराना है। यहां के उत्सव में शहर ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ से लोग शामिल होते हैं। यहां का मुख्य आकर्षण बालाजी की पालकी, रामलीला एवं भव्य आतिशबाजी होती है। इस बार के रावण दहन आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे समेत अनेक नेता एवं सामाजिक सेवक शामिल हुए। समिति के संरक्षक बृजमोहन अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज वर्मा, सुशील ओझा, अमित साहू, परमानंद सिंह, युवा टीम के अध्यक्ष भव्यांश वर्मा, परमवीर सिंह, सनी वर्मा, रॉकी साहू आदि शामिल हैं।
फोटो- रावणभाठा, सिटी

## केंद्रीय जेल उत्पादों की लगी प्रदर्शनी, डीजी ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय जेल रायपुर में रजत जयंती महोत्सव के तहत शुक्रवार को जेल में बंदियों के बनाए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन डीजी जेल हिमांशु गुप्ता ने किया। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने रक्तदान भी किया।



### 8 अक्टूबर तक के लिए लगी प्रदर्शनी

राज्य के स्थापना दिवस पर प्रदेश में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर एवं अंबिकापुर के जेल में बंदियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी 3 से 8 अक्टूबर तक लगाई गई है। इस प्रदर्शनी को देखने के साथ उत्पादों को कोई भी खरीदी कर सकता है। डीजी ने इस महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्य की प्रगति में जेल विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि जेल के बंदियों को भी जेल में रहते हुए आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके तहत बंदी अपने हुनर के अनुसार उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं। इन उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसे आम नागरिक भी किफायती रियायत दरों पर खरीद सकते हैं।

# मांदर की थाप और सेवा गीतों के साथ बेलसोंडा में हुई माता दुर्गा की विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शक्ति, भक्ति और आस्था के महापर्व नवरात्रि के समापन पर ग्राम बेलसोंडा में भक्तिमय माहौल के बीच माता दुर्गा को विदाई दी गई। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर, जो अपने क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए पहचानी जाती हैं, ने नवरात्रि के 9वें दिन आयोजित भव्य विसर्जन कार्यक्रम में स्वयं अग्रणी भूमिका निभाते हुए यह सेवा कार्य किया। विसर्जन यात्रा के दौरान ग्रामवासियों ने अपनी परंपरा का निर्वाह करते हुए मांदर की थाप पर भक्तिपूर्ण सेवा गीत गाकर माता दुर्गा को विदाई दी। पूरा माहौल छत्तीसगढ़ी संस्कृति की आस्था और श्रद्धा से गूंज उठा। इस भक्तिपूर्ण आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण और भक्तजन उपस्थित रहे।



श्रीमती चंद्राकर ने इस दौरान सभी उपस्थित लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा, ₹यह पर्व हमें शक्ति, आस्था और एकजुटता का संदेश देता है। माँ दुर्गा के आशीर्वाद से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे, यही मेरी कामना है।₹ जनपद उपाध्यक्ष का स्वयं इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल होना, जनसेवा के प्रति उनके समर्पण और स्थानीय संस्कृति के सम्मान को मजबूती से दर्शाता है। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में विशेष सहयोग वार्ड नंबर 8 के पंच शंकर चंद्राकर का रहा। इस दौरान वार्ड पंच हर्ष चंद्राकर, दिप्ती चंद्राकर, संजय चंद्राकर, अशोक साहू, सुमित लहरे, तेजन चंद्राकर, नितिन चंद्राकर, मयंक चंद्राकर, हितेश चंद्राकर, प्रयाग चंद्राकर, भूपेश चंद्राकर, हर्षु चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, सिद्धु चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भाभी ने देवर के खिलाफ दर्ज कराई मारपीट की शिकायत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** भाभी ने देवर को रास्ता बताया तो देवर को नागवार गुजरा। देवर द्वारा भाभी से की गई मारपीट की यह घटना बसना थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम कलमीदादर की है। जिसके संबंध में महिला गहकमोती ने पुलिस को बताया कि 2 अक्टूबर को सुबह करीबन 10 बजे वह गांव के घुटकुरी में झाड़ काटने गयी थी। उसी तरफ उसका देवर शौकीलाल सागर भी मवेशी चराने गया था, जो गहकमोती की तरफ आ रहा था, गहकमोती ने रास्ता उधर है मेरे तरफ क्यों आ रहा है कहा और वह घर आ गई। करीबन 4:30 बजे गहकमोती अपने घर के आंगन में थी। इसी बीच शौकीलाल सागर आया और तु मुझे रास्ता में आने से मना करती है कहते हुए अश्लील गालियां देकर हाथ में रखे बांस के डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी शौकीलाल सागर के खिलाफ धारा 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 351(2) बीएनएस, के तहत अपराध कायम किया है।

### मवेशियों को मारपीट करते ले जा रहे 3 युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम बडे टेमरी के जंगल के पास मवेशीयों को क्रुरता पूर्वक मारपीट करते हुए वध करने के प्रयोजन से कत्लखाना ले जाने की सुचना पर तीन लोगों को पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार,1अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी साहिल मालिया पिता नेतराम मालिया 20 साल निवासी बडे टेमरी, सूरज शिकारी पिता ननकी शिकारी 25 साल निवासी बडे टेमरी तथा मिथुन शिकारी पिता सुधीलाल शिकारी 22 साल निवासी शिवरीनारायण को पकड़ा। उनके कब्जे से 2 नग मवेशी बैल कीमती 16 हजार रुपये बरामद कर मवेशियों को सुरक्षार्थ रखने हेतु पत्राचार किया गया। मामले में धारा 4,6,10 छत्तीसगढ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई की गई।

### ग्रामीण बैंक के पास नाटक देखने गये बुजुर्ग से मारपीट

**महासमुंद।** सांकरा के ग्रामीण बैंक के पास नाटक देखने गये बुजुर्ग से मारपीट की शिकायत थाने में दर्ज करायी गई है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, आलेख विशाल पिता नारद विशाल 62 साल निवासी 2 अक्टूबर को रात में ग्रामीण बैंक के पास नाटक देखने गया था। इसी बीच सुबह करीब 4 बजे छत्तीर यादव व उसके साथ लोग नाटक देखते नाच रहे थे, जिसे मना किया तो तुम कौन होते हो मना करने वाले कहकर एक राय होकर आलेख को अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते पास में रखे ईंट को उठाकर उसके माथा में मार चोट पहुंचाये। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी छत्तीर यादव व उसके साथी के खिलाफ धारा 115(2) बीएनएस, बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष 7 को छग दौरे पर

**रायपुर।** वोट चोरी मामले को लेकर एनएसयूआई द्वारा बड़े आयोजन की तैयारी है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी 7 अक्टूबर को छग दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी की अहम बैठक भी आयोजित की जाएगी। आगामी कार्यक्रम को लेकर एनएसयूआई रुपरेखा बनाएगी। संगठन संबंधित अन्य निर्णय भी इस दौरान लिए जाएंगे।

## जांच नाका के पास सड़क जर्जर, मरम्मत कराने की मांग..




नर्रा। वन विभाग के अंतर्राज्जीय सीमा जांच चौकी बैरियर जोंक नदी नर्रा से बाईपास क्रांकीट पीडब्ल्यूडी सड़क कोमाखान खट्टी मार्ग को जोड़ती है। इस मार्ग पर रोजाना हजारों वाहनों का आवाजाही होता है। जगह-जगह गड्ढे होने की वजह से दुर्घटना को नेवता दे रहा है। बताया जाता है कि बरसात का पानी गड्ढे में भरने से मोटर साइकिल या चार पहिया वाहन चलने से पैदल चल रहे यात्रियों के ऊपर कीचड़ लगती है। गंदा पानी व कीचड़ से राहगीरों के पकड़े खराब हो रहे हैं। जगह जगह गड्ढे होने से हादसे होने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत करने की मांग की है।

### अनियंत्रित वाहन पलटी, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

शनिवार की सुबह उत्तम सांई हॉस्पिटल के पास भद्रकाली गैरेज की गाड़ी क्रमांक सीजी 04 जेबी 4566 अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी चालक संतोष जलक्षत्रि बुरी तरीके से स्टीयरिंग व्हील पर फंसे हुए थे। राह चलते नागरिकों ने एंबुलेंस और क्रेन की व्यवस्था के लिए डायल 1033 में फोन कर मदद मांगी गई।

स्थानीय टोल प्लाजा प्रशासन ने तत्काल मदद भेजी। और ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ड्राइवर के पैर और सीने में चोट के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया। उक्त वाहन रायपुर से सांकरा के लिए समान लेकर निकला था।

# नवनियुक्त राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह का जिला संघ ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इन्द्रजीत सिंह खालसा गोल्डी को राज्य मुख्य आयुक्त के रूप में नियुक्त होने पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ महासमुंद की ओर से स्वागत व परिचय सम्मेलन नवकिरण अकादमी के सभागार में येतराम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एवं चन्द्रहास चन्द्राकर जिला मुख्य आयुक्त व बीज निगम अध्यक्ष के अगुवानी में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्काउटिंग परम्परा अनुरूप कार्यक्रम प्रार्थना से प्रारम्भ हुआ। ततपश्चात स्कार्फ से स्वागत के बाद जिला एवं विकासखंड पदाधिकारी व स्काउटर गाइडर द्वार बुके व पुष्प गुच्छ से सभी ने बारी बारी से स्वागत किया।

स्वागत उद्बोधन की कड़ी में जिला प्रशिक्षण आयुक्त सन्तोष साहू एलटी स्का ने जिला संघ की ओर से स्वागत करते हुए नवनियुक्त राज्य आयुक्त को जिला में स्काउटिंग गतिविधि की जानकारी से अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे पदेन जिला आयुक्त स्का, देवीचंद राठी नपा उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष येत राम साहू स्काउट्स एवं गाइड्स, चन्द्रहास चन्द्राकर जिला मुख्य आयुक्त एवं अध्यक्ष बीज निगम सभी ने जिला संघ की ओर से स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि महासमुन्द जिला से इन्द्रजीत सिंह खालसा गोल्डी को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का राज्य मुख्य आयुक्त बनाये जाने पर एक बार पुनः हम सभी जिला के लिए गर्व की बात है। आपके नेतृत्व में राज्य स्काउट गाइड उत्तरोत्तर प्रगति करेगा, जिसके हम सभी सहभागी होंगे। साथ ही जिला के स्काउटर गाइडर के साथ स्काउट गाइड के बच्चों के बच्चे प्रेरित होकर और अधिक कार्य करेंगे, जिससे जिला का नाम अग्रणी होगा। राज्य मुख्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंह खालसा गोल्डी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सबसे पहले प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय एवं गजेन्द्र यादव शिक्षा मन्त्री को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे एक नई जिम्मेदारी देकर स्काउट गाइड का प्रदेश का कमान दिया है। इसका श्रेय हमारे जिला के चन्द्रहास चन्द्राकर बीज निगम अध्यक्ष एवं एतराम साहू जिलाध्यक्ष को भी जाता है। इसलिए महासमुंद जिला एवं ब्लाक संघ के समस्त पदाधिकारी स्काउटर गाइडर का दायित्व भी अब ज्यादा हो गया है। आप सभी के साथ व सहयोग से स्काउट गाइड गतिविधि को पूरे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाने का प्रयास रहेगा। अंत में आभार प्रदर्शन लीनू चन्द्राकर डीओसी गाइड एवं कार्यक्रम का संचालन तुलेन्द्र कुमार सागर जिला मीडिया प्रभारी ने किया। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला एवं ब्लॉक संघ से येतराम साहू जिलाध्यक्ष, चन्द्रहास चन्द्राकर जिला मुख्य आयुक्त, राहुल चन्द्राकर राज्य मुख्यालय आयुक्त, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, जिला उपाध्यक्षगण एस चन्द्रसेन, जय पवार, सुधा साहू, अशोक अग्रवाल, आनंद साहू, देवीचन्द राठी उपाध्यक्ष नपा, कौशलेंद्र वैष्णव ब्लॉक अध्यक्ष महासमुन्द, पंकज हरपाल ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा, ब्लाक उपाध्यक्षगण मनीष शर्मा, सुभ्रा शर्मा, राजेश सोनी, सहायक संचालक द्वय सतीश नायर एवं एनके सिन्हा, पंकज चन्द्राकर, महेन्द्र सिका, मदन मराठा, सन्तोष साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्का, प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव, लीनु चन्द्राकर डीओसी गाइड, अवधेश विश्वकर्मा डीओसी स्का, तुलेन्द्र कुमार सागर जिला मीडिया प्रभारी, ब्लाक सचिवगण लता वैष्णव महासमुंद, झनेश साहू पिथौरा, शेषनारायण साहू बागबाहरा, मधु शर्मा सीनियर गाइडर, सुरेन्द्र मानिकपुरी सीनियर स्काउटर, नरेश नायक सीनियर स्काउटर, रेख राम पटेल स्काउटर उपस्थित रहे।

### करंट से घायल प्रियंका का कुशलक्षेम जानने अस्पताल पहुँचे नपाध्यक्ष



**महासमुंद।** वार्ड क्र. 6 में विराजित माँ दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन यात्रा के दौरान बिजली तार टूट कर गिरने से करंट की चपेट में आकर एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। दोपहर 1 बजे विसर्जन यात्रा के दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में प्रियंका मानिकपुरी (22 वर्ष) बुरी तरह झुलस गई। जिसका उपचार स्टेशन रोड स्थित एक निजी अस्पताल में कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू घायल प्रियंका से मिलने अस्पताल पहुँचे। साहू ने प्रियंका का स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा डाक्टरों को आवश्यक उपचार के निर्देश दिए।

परिजनों ने बताया कि हादसे में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। मोहल्लेवासियों ने साहू को बताया कि पूर्व में कई बार शिकायत के बाद बिजली विभाग द्वारा उक्त लटकते हुए विद्युत तार को व्यवस्थित नहीं किया गया। विद्युत विभाग की लापरवाही से यह घटना घटित हुई। नपाध्यक्ष ने कहा कि विद्युत विभाग को शहर के सभी वार्डों में अव्यवस्थित बिजली तारों, खुले ट्रांसफार्मरों के पैनल बाक्स को व्यवस्थित किया जाना चाहिए। ताकि, भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

# पांच में पांच वोट पाकर ईश्वर बने फेडरेशन के जिलाध्यक्ष

**पांचों ब्लॉक अध्यक्ष का विश्वास जीत कर ईश्वर ने दर्ज की एकतरफा जीत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग सहायकर शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिलाध्यक्ष पद के लिए शनिवार को निर्वाचन हुआ। जिसमें जिले के पांचों ब्लाक अध्यक्षों का एकतरफा समर्थन प्रत्याशी ईश्वर चंद्राकर को मिला और इस तरह चंद्राकर फेडरेशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। दोपहर शुरू हुई नामांकन की कार्यवाही में दो नामांकन दाखिल हुए। जिसमें ईश्वर चंद्राकर महासमुंद एवं बागबाहरा से केतन साहू ने नामांकन भरा। उम्मीदवारों के उद्बोधन के बाद पांचों ब्लॉक प्रमुखों ने मतदान में हिस्सा लिया। कुल पांच मत में ईश्वर चंद्राकर ने पांच मत प्राप्त किए। पांचों ब्लॉक के विश्वास जीत कर ईश्वर ने जिलाध्यक्ष पद पर एकतरफा जीत दर्ज की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी राजू टंडन एवं बीपी मेश्राम की मौजदूगी में निर्वाचन पूर्ण हुआ। मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी राजू टंडन एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष दिनेश नायक ने विजय प्रमाण पत्र ईश्वर चंद्राकर को सौंपा। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि मेरी यह जीत पांचों ब्लाकों की एकजुटता और संगठन की जीत है। आप सभी ने मुझे एक महती जवाबदारी प्रदान की है, जिसके लिए मैं आप सभी का आभारी रहूंगा, जो जिम्मेदारी मुझे आप लोगों ने दी उसको पूरी जवाबदारी के साथ पूरा करूंगा। हर शिक्षकों के न्याय के लिए मेरी आवाज बुलंद होती रहेंगी। इस बात का विश्वास मैं आप सभी को दिलाता हूँ। जिला निर्वाचन में प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं जांजगीर के जिलाध्यक्ष रविंद्र राठौर भी उपस्थित हुए। निर्वाचन के दौरान प्रमुख रूप से प्रांतीय प्रवक्ता राजा राम पटेल, प्रांतीय सलाहकार प्रदीप पटेल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज, बक्श बीपी मेश्राम, राजू टंडन, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश बघेल, ब्लाक अध्यक्ष शरण दास, ब्लाक अध्यक्ष गणेश चौहान, ब्लाक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव, ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश नायक मतदाता के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सरायपाली मनोज राय, सुरेश निर्मलकर, दुर्वासा गोस्वामी, हरिशंकर पटेल, जीतू पटेल, केशव पटेल, सुशील प्रधान, हीरा लाल चौहान, विष्णु जागृति, यशवंत ठाकुर, दीपाली वर्मा, मुनिया निर्मलकर, रेखा कन्नौजे आदि मौजूद रहे। ईश्वर चंद्राकर के ऐतिहासिक जीत पर विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, रेखराज शर्मा डीएमसी महासमुंद, जुल्हे बीईओ बसना, कंवर एबीईओ बसना, दीवान एबीईओ सरायपाली, बीआरसीसी द्वय जागेश्वर सिन्हा महासमुंद, अनिल साव बसना, देवानंद नायक सरायपाली, दिलीप तिवारी जिला अध्यक्ष तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ महासमुंद सहित कर्मचारी अधिकारियों सहित सभी संगठन के पदाधिकारी सहित शिक्षकों ने हर्ष जताया है। उक्त आशय की जानकारी विजय राजपूत ने दी है।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैटक में जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



गत दिनों जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएसन की आवश्यक बैठक ईवान उच्यतर माध्यमिक शाला झिलमिला (सरायपाली) में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे ने की।

बैठक में अनिवार्य शिक्षा राशि तथा कक्षाओं की नवीनीकरण संदर्भ में चर्चा की गई। अनिवार्य शिक्षा के संदर्भ में सत्र की राशि सत्र समाप्ति के पूर्व भुगतान करने की मांग की गई। राशि का भुगतान प्रतिवर्ष प्रदान करने की शासन से मांग की गई। कक्षाओं की नवीनीकरण के संबंध में शासन के समक्ष एक बार अनुमति मिलने के बाद उसे ही निरंतर अनुमति माना जाना चाहिए। बार-बार नवीनीकरण करने के नियम को सरलीकरण करने की मांग की गई। साथ ही प्राईवेट स्कूल एसोशिएसन द्वारा जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित करने के विषय में चर्चा की गई। चर्चा उपरांत खो-खो, कबड्डी, मैराथन दौड़ की प्रतियोगिता इस सत्र 2025-26 में महासमुन्द में करने का निर्णय लिया गया। सभी प्रस्ताव सर्वसहमति से पारित किया गया।

जिला बैठक में जिला महामंत्री सुरेश राणा, जिला मंत्री राकेश श्रीवास्तव, महासमुन्द ब्लॉक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले, महासमुन्द ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोहर महंती, संजय वासणीक, नीतू साहू (सांकरा), सराईपाली से संजय सतपथी, आभास अग्रवाल, अनुराग मसीह, तेजकुमार पंडा, सुरेन्द्र साहू नीरा सिंह, प्रांजल सागर, जितेन्द्र चौहान, किशोर बाघ, सतीश बारीक, भीमंदर भास्कर, दुर्गा चरण, बृजलाल जायसवाल, वरूण शोमा नायक, कैलाश तांदी, गोपीनाथ, हीमांती कंवर, अमृत पटेल, (सराईपाली) अनिल कालिया (बागबाहरा) उपस्थित थे। उक्त जानकारी माधव राव टांकसाले ने दी।

### मंत्री कश्यप बोले- छत्तीसगढ़ जल्द ही नक्सलमुक्त होगा, निर्णायक लड़ाई जारी

**रायपुर।** प्रदेश के वन व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, जल्द ही छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त होगा। उन्होंने नक्सलवाद के खिलाफ जारी निर्णायक लड़ाई की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया और कहा, केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित रणनीति के चलते प्रदेश का बस्तर अंचल नक्सलमुक्त होकर विकास की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। नक्सली कैडर के अनेक बड़े दुर्दांत नेता इस अभियान में मारे गए हैं।

# एनीकेट के सभी गेट खुलने से महानदी का जल स्तर बढ़ा, जलापूर्ति बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अधिक बारिश के कारण महानदी से शहर को होने वाली जलापूर्ति बाधित होने पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने खेद व्यक्त करते हुए शहर वासियों को निवेदन किया है कि निषाद डायवर्सन के सभी गेट बंद होने तथा महानदी का जल स्तर सामान्य होने के बाद शहर में जलापूर्ति व्यवस्थित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि अत्यधिक वर्षा होने के कारण गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया है। जिससे महानदी का जल स्तर काफी बढ़ गया। महानदी का जल स्तर बढ़ने के कारण निसदा एनिकट के सभी गेट खोल दिए गए हैं। जिससे महानदी में स्थित इंटेकवेल जहां से शहर की जल आपूर्ति के लिए पानी लिया जाता है। उसका वॉल ऊपर होने से पानी सप्लाई लिया जाना संभव नही। निसदा एनिकट के गेट बंद करने हेतु एनिकट के सब इंजीनियर चांदनी रामटेके व कार्यपालन अभियंता निकोस सर से संपर्क किया गया।

परंतु, उन्होंने एनिकट के द्वार बंद किए जाने पर किसी दुर्घटना की संभावना को देखते हुए गेट बंद नहीं करने की बात कही। इस प्राकृतिक समस्या के कारण शहर में महानदी से जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है।

# जिले की सभी शासकीय शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत जिले की सभी शासकीय शालाओं में 06 से 08 अक्टूबर 2025 तक सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य सचिव तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा ने बताया कि शाला स्तर पर भी समितियों का गठन किया गया है, जिसमें संकुल क्षेत्र की दूरस्थ शाला के प्रधानपाठक/प्राचार्य को अंकेक्षण प्रमुख नियुक्त किया गया है। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के सक्रिय सदस्य तथा सामाजिक अंकेक्षण का अनुभव रखने वाले सदस्य भी समिति में शामिल किए गए हैं। समिति की मुख्य भूमिका समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना, अंकेक्षण टूल के उपयोग में दक्षता विकसित करना तथा अभियान की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार की निगरानी करना होगी। इस प्रक्रिया में स्थानीय समुदाय, पालक, शिक्षक एवं विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। अभियान की तैयारी चरणबद्ध ढंग से की गई है। जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का चयन, डीआरजी प्रशिक्षण, जिला स्तरीय समिति का गठन, सीएसी ऑनलाइन प्रशिक्षण, संकुल प्राचार्य एवं शिक्षकों का प्रशिक्षण, प्रत्येक ब्लॉक से 5-5 डाटा एंट्री ऑपरेटर नामित करना, बीआरजी बैठक एवं रुब्रिक्स तैयार करना, राज्य स्तरीय वेबिनार का आयोजन शामिल है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## खैराभाठा व पिटियाझर में दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**महासमुंद।** गायत्री शक्तिपीठ मंदिर सितली नाला खैराभाठा समेत खैरा बस्ती में विराजित माँ दुर्गा प्रतिमा को खैरा तालाब में विसर्जित की गईं। जसगीत के बीच बुधवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हुआ। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। गाजे-बाजे के साथ रंग-गुलाल उड़ाते श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं के साथ गांवों का भ्रमण किया। विसर्जन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान कोई अनहोनी न हो, इसके लिए कोतवाली पुलिस कर्मी चौक चौराहे व तालाब में तैनात रहे। इसी तरह पिटियाझार वार्ड 12 में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

## खरोरा में मनाया विश्व पशु दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में विश्व पशु दिवस पर गौ माता की पूजा अर्चना की गई। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि गौ माता बछड़े की पूजा से जीवन में सुख शांति और संतान की सभी मनोकामनाएं पूरी होते हैं। विश्व पशु दिवस मनाने का उद्देश्य हमारे आसपास रहने वाले जीव जंतुओं के प्रति आपसी लोगों को जीवन के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**महासमुंद।** पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की नियमित मासिक बैठक जो प्रतिमाह 1 तारीख को बेमचा स्थित गायत्री मंदिर में आयोजित की जाती थी, उक्त तिथि को पेंशनर भवन कुरूद धमतरी में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस एवं नवनिर्वाचित प्रांतीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाने के कारण स्थगित मासिक बैठक 5 अक्टूबर रविवार को अपरान्ह 3 बजे से पूर्व निर्धारित स्थल में होगी। पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष रामकुमार साहू, सचिव /प्रांतीय उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू, उपाध्यक्ष गोवर्धन साहू, सहसचिव राधेश्याम दुबे, कोषाध्यक्ष आईएम कुरैशी, संगठन मंत्री चमनलाल साहू, कार्यकारिणी सदस्य नेहरू साहू, टीपी वर्मा, बोधन साहू, जगदीश ध्रुव, संतुराम साहू ने सभी पेंशनरो से इस बैठक में भाग लेने की अपील की है।

# दुर्गा विसर्जन में उमड़ा जनसैलाब, आस्था और भाईचारे का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

झलप नगरी में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा धार्मिक आस्था और भव्यता के साथ हुई।

नगर की प्रमुख सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति झलप के तत्वाधान में दोपहर 2 बजे दुर्गा पंडाल से यात्रा का शुभारंभ किया गया। ढोल-नगाड़ों, डीजे की गूंज, माता के जयकारों और भक्तों के उत्साह से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।समिति के सदस्यों ने भी सांग बाना लिया। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड और सब्जी बाजार पहुंची, जहां स्व. नारायण लाल गुप्ता की स्मृति में उनके परिवारजनों द्वारा श्रद्धालुओं को खीर वितरण किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शोभायात्रा जैसे ही कुलवंत मिल के पास पहुंची, स्थानीय मुस्लिम जमात के सदस्यों ने पुष्पवर्षा और जलपान कराकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस पहल ने नगर में सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का अद्भुत संदेश दिया। ग्राम रामपुर से पहुंचे प्रसिद्ध कालीभक्त नेमीचंद बैगा और उनकी टीम ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। देवी-देवताओं की झांकियों, पौराणिक दृश्यों और धार्मिक प्रस्तुतियों को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

### कुलवंत मिल के पास स्थानीय मुस्लिम जमात के सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**भक्तों का उमड़ा जनसैलाब**

पूरे मार्ग पर माता के जयकारों की गूंज के साथ श्रद्धालु गाते-झूमते चल रहे थे। बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में शामिल होकर माता की विदाई में आस्था व्यक्त कर रहे थे। रास्ते भर जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा के पश्चात बाजार वार्ड में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में चार हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ प्राप्त किया। प्रसाद वितरण का यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा।





**नगर में उमड़ा उत्साह**

दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा पर पूरा नगर रोशनी से जगमगा उठा। दुकानों और घरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों ने यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रकार झलप की दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक उत्सव का अद्भुत संगम बनकर क्षेत्र में चर्चा का विषय रही।

### समस्या: तेज बारिश और हवा चलने में धान फसल गिरने से भारी नुकसान

# अर्ली वैरायटी के लिए बारिश बनी आफत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

### पानी में डूबने से धान का झड़न, गलन व बदरा होने का खतरा, किसानों में बढ़ी चिंता

बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात की वजह से गुरुवार को दिनभर काली घटा छाए रहे। शाम होते ही गरज चमक और हवा के साथ चार से पांच घंटे तेज बारिश हुई है। बारिश की वजह से खेत खलियान में जल भराव होने अर्ली वैरायटी के धान फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। आंधी के साथ बारिश से धान फसल पानी में डूब गए है। इसके कारण फसल झड़ने की आशंका है।

किसानों ने बताया कि सावन व भादो भर में इतना बारिश नही हुई, जितना क्वांर माह में हुई। जोंक नदी व नालों का जल स्तर बढ़ गए और कुंआ बौली तालाब लबालब हो गए। बताया जाता है कि क्षेत्र में जैसे क्वांर की शुरूवात हुई है तब से बारिश मौसम में उतार चढ़ाव के कारण फसल में कीटों का हमला शुरू हो गया। अर्ली वैरायटी की फसल पर भूरा माहौ, ब्लास्ट लगने से किसानों की परेशानी बढ़ गई। फसल में कीटों के रोकथाम के लिए लगातार कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। किंतु, दवाओं का असर नहीं दिख रहा है। इसी तरह अब सरना, एक हजार एक, संम्पदा सरना के अलावा बड़े किस्म की फसल की बालियां निकलने लगी है।

## पुलिस थाना परिसर में शस्त्र पूजन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विजयादशमी के अवसर पर पुलिस विभाग ने परंपरागत ढंग से शस्त्र पूजन कर बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीओपी ललिता मैहर ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर विधिविधान से शस्त्रों की पूजा-अर्चना की। पूजन की शुरुआत मां दुर्गा की आराधना और मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके बाद हवन-पूजन कर पुलिस बल के शस्त्रों का परंपरागत तरीके से पूजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी, जवान और स्टाफ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

एसडीओपी ललिता मैहर ने कहा कि ₹शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति और सैन्य परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। यह केवल पूजा-अर्चना नहीं बल्कि पराक्रम, साहस और धर्म की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। विजयादशमी हमें सदैव यह याद दिलाती है कि बुराई कितनी भी प्रबल क्यों न हो, अच्छाई अंततः उसकी विजय करती है।₹ उन्होंने आगे कहा कि यह पर्व समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सद्भाव का संदेश देता है। क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए एसडीओपी ने कहा कि पुलिस बल न केवल कानून-व्यवस्था की रक्षा के लिए बल्कि जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए भी सदैव तत्पर है। पूजन उपरांत सभी पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनता की सुरक्षा के प्रति पूर्ण समर्पण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल का जोश और उत्साह देखते ही बनता था पारंपरिक वेशभूषा में एसडीओपी ललिता मैहर द्वारा किए गए शस्त्र पूजन ने इस आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया।



### साहू समाज सिंघी परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने नोहर

**झलप।** फरफौद निवासी नोहर साहू सिंघी परिक्षेत्र के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर साहू समाज के अध्यक्ष धरम दास साहू, प्रेम साहू, झलप परिक्षेत्र के अध्यक्ष तुकाराम साहू, सचिव एवं झलप सरपंच राकेश साहू, खिलावन साहू, सागर साहू के अलावा जनपद सदस्य बलविंदर सीटू सलूजा, शम्मी सलूजा, जगजीवन सिंह, त्रिलोक सिंह पप्पू सलूजा, किशन कोसरिया, नरेंद्र कौशिक, शेख मोहम्मद शोएब, समीर खान, रिशु सलूजा ने मुलाकात कर हर्ष जताया।

# सुकन्या चैलेंज बैडमिंटन ट्रॉफी प्रतियोगिता 15 से विजेता को मिलेगा 1.5 लाख रुपए का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा संचालित पीपीएफ एवं सुकन्या समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार तथा बालिकाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय "सुकन्या चैलेंज बैडमिंटन ट्रॉफी" का दो दिवसीय आयोजन 15 एवं 16 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रातः 9 बजे से शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी (भिलाई) स्थित बैडमिंटन हॉल में आयोजित होगी।इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय डाक विभाग, दुर्ग संभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार होगी तथा इसके सफल संचालन में छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संगठन का सहयोग लिया गया है। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं के लिए प्रवेश की आयु सीमा 9 से 13 वर्ष रखी गई है। विजेता को 1,50,000 रुपए का आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम चीफ पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ सर्कल एवं दुर्ग पोस्टल डिवीजन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। पूरे राज्य के विभिन्न संभागों से अधिकारी एवं कर्मचारी इस आयोजन में भाग लेंगे, जिन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार और खातों से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु अधिकृत किया गया है। दुर्ग संभाग से प्रेमराज जा चक (विकास अधिकारी, डाक जीवन बीमा), शैलेंद्र ठाकुर (सहायक अधीक्षक, रायपुर), मोहित मेश्राम (कार्यालय सहायक, राजनांदगांव), विजय जांगड़े (उप संभागीय निरीक्षक, बस्तर), अरुण कुमार तिवारी (सहायक अधीक्षक, बिलासपुर), छबिलाल पटेल (सहायक अधीक्षक, रायगढ़) तथा नवीन कुमार अडरवाल (उपसंभागीय निरीक्षक, सरगुजा) को इस प्रतियोगिता की निगरानी और संचालन के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

# रामलीला मंचन के बाल कलाकारों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बीकेबाहरा में चार दिवसीय रामलीला का मंचन किया गया। इस लीला में श्रीराम जन्म की लीला, विश्वामित्र आगमन एवं ताड़का वध की लीला, धनुष यज्ञ एवं सीता स्वयंवर की लीला एवं मेघनाथ, कुंभकर्ण और रावण वध की लीला का मंचन किया गया। रामलीला में नन्हें-मुन्हें बाल कलाकारों ने बेहद ही उत्साह क़े साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। राम लीला का जीवंत अभिनय प्रस्तुत किया गया। इस पावन अवसर में द्रोण पटेल स्वयंसेवक ने कहा कि रामलीला के आयोजन से समाज में बड़े बदलाव ला सकते है। यह भाव आपसी द्वेष को समाप्त कर समाज में सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है। असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई, अन्याय पर न्याय के विजय का प्रतीक हैं विजयादशमी। ततपश्चात बाल कलाकारों को पेन -कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर रामलीला मंडली के मैनेजर डिगेश्वर साहू अलकरहा, उप मैनेजर राधेश्याम पटेल, अध्यक्ष विशम्भर निषाद, उपाध्यक्ष केशव पटेल, सचिव लेखराम पटेल, सहसचिव चंद्रशेखर नागवंशी, संरक्षक सेतराम साहू, मोहित साहू, व्यास पं.डिगेश्वर प्रसाद तिवारी, अक्षय साहू, सदस्य पीलूराम सेन, कार्तिक राम पटेल, मनोहर लाल ध्रुव, पुष्कर पटेल, खेमराज साहू, पुनीत पटेल आदि मौजूद रहे।





### ध्रुव गोंड समाज ने धूमधाम से मनाया नवाखाई का नर्व

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम खुटेरी में ध्रुव गोंड समाज चक नं-03 का क्वांर माह के नवमीं तिथि को नवाखाई का कार्यक्रम हुआ। चक के उपाध्यक्ष महेश राम नेताम की अध्यक्षता में नुवाखाई का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम बड़ा देव की पूजा अर्चना व चित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। समाज के लोगों ने जयकारा लगाकर एकता का संदेश दिया। तत्पश्चात नए अन्न का प्रसाद ग्रहण किया गया। सभी कुटुम्बजनों को नवाखाई की एक दूसरे को बधाई देते हुए सभी एकजुट होकर साथ चलने का संकल्प लिया। इस अवसर नरेन्द्र ध्रुव, ओंकार नेताम, अंकेश्वर नेताम, कृष्ण कुमार ध्रुव, शीतल सिंह ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, एवन नेताम, फुलसिंह ध्रुव, चंद्रीका, दुलेश्वरी, देवला ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# डीजे डांस प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ



**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा के ग्राम देवरी, भुरकोनी व भरवामुड़ा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। विधायक यादव व अतिथियों का ग्राम पहुचने पर ग्रामवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। विधिवत पूजा अर्चना कर विधायक यादव ने डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि यादव ने प्रतिभागियों की कला का सराहना करते हुए कहा कि डांस करने वाले कलाकारों का अपनी कला को दिखाने का सर्वोत्तम मंच डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन है, जिसमें डांस दिखाने का अवसर मिलता है। सामूहिक, एकल, युगल नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति देकर स्थान अर्जित करते हैं, वास्तविक में इन कलाकारों का सर्वश्रेष्ठ इनाम दर्शक दीर्घा द्वारा मिले उत्साहवर्धन तालियों की गड़गड़ाहट है जो कलाकारों को आगे बढ़ने का प्रोत्साहित करती है। इसके पूर्व ग्राम पहुंचने पर ग्रामवासियों ने विधायक यादव से ग्राम विकास को लेकर ध्यानाकर्षित कराया।

इस दौरान राहुल चंद्राकर, अहिल्या साहू, मुंशीराम साहू, सीताराम साहू, दयालूराम साहू, रामप्रसाद साहू, फनीश यादव, केशलाल मलिक, भरत साहू, भुरकोनी में संजय अग्रवाल, पारसमणी मिश्रा, नारायण साहू, नारायण चक्रधारी, दामोदर यादव, लखन डड़सेना, कौशल साहू, खिलावन साहू, मनहरण साहू, सुशील भोई, भरवामुड़ा में कृष्ण कुमार ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, पीताम्बर पटेल, हेमन्त ठाकुर, हेमलाल पटेल, यादराम साहू, रामचंद साहू, लोकेश पटेल, गणेश राम साहू, तुलसीराम साहू, किशन साहू, राधेश्याम साहू, कुंजलाल निर्मलकर, देवनाथ, शेषनारायण, मखियार पटेल, निर्भय साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

